# प्रेस नोट

विश्व पशुचिकित्सा दिवस शनिवार 30 अप्रैल, 2022 के अवसर पर राज्य पशुचिकित्सा सेवा संघ उत्तराखण्ड एवं राज्य पशुचिकित्सा परिषद पशुपालन विभाग उत्तराखण्ड द्वारा देहरादून में एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया कार्यक्रम की थीम Strengthening Veterinary Resilience विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री सौरभ बहुगुणा जो मा0 मन्त्री पशुपालन, उत्तराखण्ड सरकार कोविड गाइड के कांरण वर्चचुवल माध्यम से कार्यशाला से जुडकर पशुचिकित्साविदो व पशुपालकों की समस्याओं को दूर करने के लिए सकारात्मक कार्यवाही किंए जाने का आश्वासन दिया गया। मा0 मन्त्री पशुपालन श्री सौरभ बहुगुणा ने पशुपालन विभाग के कार्मिकों द्वारा विषम परिस्थितियों में कार्य करने के लिए धन्यवाद देते हुए आवाहन किया कि भविष्य में पशुपालन के हितो को ध्यान रखते हुए किसानों की आय दोगुनी करने एवं आजादी का अमृत महोत्सव में किसानों के लिए नयी रोजगार परक योजनायें बनाने एवं योजनाओं को धरातल पर क्रियान्वन करने लिये अग्रसर रहने को कहा गया। मा0 मन्त्री जी द्वारा संघ की विभिन्न मागों पर त्वरित अपेक्षित कार्यवाही का आश्ंवासन दिया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि श्री सुबोध उनियाल जी, मा0 वन मन्त्री उत्तराखण्ड सरकार द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर किया। मा0 वन मन्त्री श्री सुबोध उनियाल जी ने समस्त पशुचिकित्साविदो को विश्व पशुचिकित्सा दिवस के अवसर पर शुभकामनाऐं दी गयी मा0 मन्त्री जी पशुचिकित्साविदो द्वारा दी जा रही सेवाओं एवं विषम परिस्थितियों में किये जा रहे कार्यो के लिये सराहना की गयी। कार्यक्रम निदेशक, पशुपालन विभाग उत्तराखण्ड द्वारा मुख्य अतिथियों एवं पशुचिकित्साविदो का स्वागत किया गया तथा विभिन्न विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गयी। उत्तराखण्ड राज्य की पशुचिकित्सा संघ के अध्यक्ष डा0 कैलाश उनियाल ने विश्व पशुचिकित्सा दिवस की शुभकामनायें देते हुये पशुचिकित्साविदो का मॉगपत्र भी प्रस्तुत किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये जिला अधिकारी देहरादून डा0आर0राजेश कुमार ने पशुचिकित्साविदो द्वारा मुक पशुधन की सेवा करने के लिये आभार करते हुये पशुचिकित्साविदो की तुलना भगवान की सरचनाओं की सेवाये करने वाला सर्वश्रेष्ठ सेवक बताया। कार्यशाला को सम्बोधित करते हुये सचिव, पशुपालन डा0बी0वी0आर0सी0 पुरूषोतम ने पशुचिकित्साविदो को विश्व पशुचिकित्सा दिवस की शुभकामनाओं के साथ–साथ वर्तमान परिस्थितिओं में पशुचिकित्सा सेवाओं में होने वाली चुनौतियों के बारे में बताया। डा0 पुरूषोतम ने प्शुपालन विभाग द्वारा किये गये विशिष्ठ कार्यो के बारे में विस्तार जानकारी दी। विभाग द्वारा सैक्स सॉर्टेट सीमेन, इम्ब्रायो ट्रास्फर टेक्नोलॉजी, क्रॉसबीडीग आदि की जानकारी दी गयी है। कार्यक्रम के विशिष्ठ अतिथि डा0आर0मीनाक्षी सुन्दरम, सचिव मा0 मुख्यमंन्त्री उत्तराखण्ड शासन ने विश्व पशुचिकित्सा दिवस के अवसर पर सम्बोधित करते हुये पशुपालन के क्षेत्र में भविष्य में काफी ज्यादा अवसर है रोजगार एवं पशुपालको की आर्थिकी सुधार हेतु भी भविष्य में काफी अवसर उपलब्ध होगें। कार्यशाला में मुख्य अतिथि द्वारा स्मारिको का विमोचन किया गया तथा पशुपालन विभाग के उत्कृष्ठ पशुचिकित्सको को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। कार्यशाला में मुख्य वक्ता डा0पी0के0मलिक निदेशक, एन0आर0सी0हिसार द्वारा अपना सम्बोधन दिया गया। कार्यक्रम का संचालन डा0आशुतोष जोशी द्वारा किया गया।